# राजस्थान सरकार

## कार्यालय डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ),

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)
ग्राम– मूण्डला, पो.– रूपवास, तहसील– जमवारामगढ़, जिला– जयपुर, राजस्थान– 302027
E-Mail :- secretaryapj@gmail.com

**क्रमांक : F1()अ.पी.ज./शोध /2020–21/319** **दिनांक: 09.11.2021**

श्रीमान् निदेशक महोदय,
स्कूल शिक्षा, राजस्थान सरकार
जयपुर।

विषय : संविधान दिवस (26 नवम्बर, 2021) के अवसर पर निबन्ध प्रतियोगिता के आयोजन बाबत्।

संदर्भ : भारत सरकार के पत्र क्रमांक 19022/16/2016 एससीडी – 6 दिनांक 15 नवम्बर, 2016 के क्रम में।

महोदय,

उक्त संदर्भित विषयान्तर्गत निवेदन है कि डॉ भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) मूण्डला, जयपुर डॉ भीमराव अम्बेडकर की अवधारणाओं एवं संकल्पनाओं का प्रचार प्रसार करने वाला राजस्थान सरकार के द्वारा स्थापित शोध केन्द्र है। प्रत्येक वर्ष की भॉति इस वर्ष भी 26 नवम्बर, 2021 को संविधान दिवस के अवसर पर **"डॉ भीमराव अम्बेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था"** विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि राज्य के सभी विद्यालयों में कार्यरत सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को उक्त आयोजन के सफलता पूर्वक संचालन हेतु निर्देश प्रदान करने की कृपा करें। उक्त प्रतियोगिता के नियम निम्नानुसार हैः–

### डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) मूण्डला, जयपुर द्वारा आयोजित जिला एवं राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता, 2021

(विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय मान्यता प्राप्त संस्थाओं में नियमित अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए)

**1. पात्रता :–**

डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) मूण्डला, जयपुर के द्वारा जिला एवं राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमें राजकीय एवं मान्यता प्राप्त प्रदेश के विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं विद्यालय (कक्षा 9 से 12) के विद्यार्थी भाग ले सकेगें।

**2. निबन्ध भाषा का माध्यम :–**

निबन्ध हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लिखे हुए स्वीकार्य होगें।

**3. पुरस्कार :–**

निबन्ध प्रतियोगिता के अन्तर्गत पुरस्कार राशि का विवरण निम्नानुसार है:–

| क. सं. | प्रतियोगिता का स्तर | पुरस्कार राशि (रूपये में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय | जिला स्तर | 5,100 | 3,100 | 2,100 |
| | | राज्य स्तर | 51,000 | 31,000 | 11,000 |
| 2 | विद्यालय (कक्षा 9 से 12) | जिला स्तर | 2,100 | 1100 | 500 |
| | | राज्य स्तर | 11,000 | 5100 | 3100 |

**4. प्रतियोगिता के नियम एवं शर्तें :–**

प्रस्तावित जिला एवं राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए नियम एवं शर्तें निम्नानुसार है :–

(i) निबन्ध प्रतियोगता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रवेश निःशुल्क है

(ii) प्रत्येक प्रतिभागी को दिये गये लिंक **https://docs.google.com/forms/d/1RYfvKhEYLzeFoDTimkntlhkYENYprYDdPxXQ0RIZAs/viewform?edit_requested=true** पर दिनांक 26 नवम्बर, 2021 तक पंजीयन करना अनिवार्य है। समस्त प्राचार्य/मेंटर के माध्यम से मोबाईल द्वारा उक्त विद्यार्थियों के वाटस्प ग्रुप में प्रचार प्रसार करना। बिना पंजीयन के प्रेषित किये गये निबन्ध प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

(iii) निबन्ध लेखन की शब्द सीमा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 2000 शब्द एवं विद्यालय स्तर पर 1000 शब्द होगी।

(iv) प्रतिभागी द्वारा लिखित निबन्ध सुस्पष्ट हस्तलिखित फाउण्डेशन कार्यालय में सम्बन्धित संस्था के माध्यम से प्रेषित किये गये ही स्वीकार्य होंगे।

(v) निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करवाने की जिम्मेवारी सम्बन्धित संस्था की होगी जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थी अध्ययनरत् है।

(vi) प्रतिभागी विद्यार्थी को उत्तर पुस्तिका सम्बन्धित संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई जायेगी। उत्तर पुस्तिका के कवर पेज का प्रारूप डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) की वेबसाइट *www*.ambedkarfoundationjaipur.*com* पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड़ कर उत्तर पुस्तिका के कवर पेज पर संलग्न कर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 10 पृष्ठ एवं विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 5 पृष्ठ मय कवर पेज की उत्तर पुस्तिका प्रतिभागी विद्यार्थी को उपलब्ध करवाने का दायित्व सम्बन्धित संस्था का होगा।

**5. निबन्ध के अंक भार योजना एवं समयावधि :–**

निबन्ध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों एवं परीक्षकों के लिए अंक भार विभाजन एवं समयावधि सम्बन्धी नियम निम्नानुसार है :–

| क्र. सं. | मापदण्ड | अंक विभाजन | समयावधि |
|---|---|---|---|
| 1 | विषय वस्तु | 40 | विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर 2 घंटे एवं विद्यालय स्तर पर 1 घंटा |
| 2 | विशलेषण एवं व्याख्या | 20 | |
| 3 | प्रस्तुतीकरण | 15 | |
| 4 | लेखन एवं कौशल | 15 | |
| 5 | उपसंहार एवं निष्कर्ष | 10 | |
| | कुल पुर्णांक | 100 | |

**6. राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता :–**

जिला स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी विद्यार्थी ही राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र होगें। राज्य स्तरीय निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करने की जानकारी यथा समय पात्र प्रतिभागी विद्यार्थियों को फाउण्डेशन द्वारा प्रेषित कर दी जायेगी।

**7. परिणाम की घोषण एवं पुरस्कार वितरण :–**

(i) परिणाम की घोषणा डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ) की वेबसाइट *www.*ambedkarfoundationjaipur.*com* पर यथा समय अपलोड़ कर दी जायेगी।

(ii) विजेता प्रतिभागितयों को पुरस्कार डॉ. बी.आर. अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, जयपुर परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किये जायेगें।

8. सभी नोडल अधिकारी एवं मेन्टर निबन्ध प्रतियोगिता से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए डॉ अशोक कुमार मिश्रा, निदेशक (शोध) के माबाईल नम्बर 9414065050 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

सादर।

सचिव
डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन
(अम्बेडकर पीठ), मुण्डला, जयपुर

**क्रमांक : F1()अ.पी.ज./शोध /2020–21/** 820-21 **दिनांकः** 09.11.2021

प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान् महानिदेशक महोदय, डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मुण्डला, जयपुर।
2. रक्षित पत्रावली।

9/11/2021

सचिव
डॉ. भीमराव अम्बेड़कर फाउण्डेशन
(अम्बेडकर पीठ), मुण्डला, जयपुर